



# दैनिक भारतीय बस्ती




भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 35 सोमवार 26 अगस्त 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com




जीवन में रचे बसे श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी पर भारतीय बस्ती के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं, वितरको सहित जन–जन को हार्दिक शुभकामनायें। –सम्पादक

## एक नजर

### छठ माता की कथा सुनाकर किया पूजन अर्चन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बनकटी (बस्ती)। महिलाओं ने संतान के दीर्घायु एवं सुख–समृद्धि के लिए पूरे आस्था के साथ हलषष्ठी का व्रत रखा । व्रती महिलाओं ने अपने अपने गाँव के पोखरे व तालाबों पर समूह में पहुंचकर छठ माता कथा सुनी और पूजन अर्चन किया । गांधीनगर वार्ड में नंगे पांव चलकर पोखरे तक जाने वाली सभी व्रती महिलाओं के लिए रेड कार्पेट व पुष्पों की पंखुड़ियां बिछाई गईं।

रविवार को व्रती महिलाओं ने बनकटी नगर पंचायत गांधीनगर, चन्द्रनगर व अंबेडकर नगर वार्डों समेत विकास खंड क्षेत्र के पक्कवा बाजार, बरहुआ, डेल्हापार, दौलतपुर,खोरिया,रामपुर रेवटी आदि गांवों व वार्डों के मंदिरों पोखरों व दरवाजों पर जगह जगह सगरी बनाकर माताओं ने टोली के साथ पूरे विधि विधान से शिव–पार्वती की पूजा–अर्चना की। बाद में तीन्नी चावल से बनी खिचड़ी, चौराई का साग व दही से बना प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ा । बनकटी के गांधी नगर वार्ड में सभासद शबनम बानो के द्वारा मुहल्ले से पोखरे तक जाने वाले मार्ग पर करीब तीन सौ मीटर दूरी तक रेड कार्पेट बिछा कर तथा पुष्प की पंखुड़िया बिखेर कर व्रती महिलाओं का स्वागत किया ।

### पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों की सेवा में जुटा संघ परिवार



**–भारतीय बस्ती संवाददाता**

बस्ती। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग में 23 अगस्त से 31 अगस्त तक चलने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के सैकड़ों अभ्यर्थियों के निःशुल्क ठहरने, जलपान भोजन आदि की व्यवस्था की गई है।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख हर्ष , विद्यार्थी कार्य प्रमुख सूरज और नगर प्रचारक अविनाश ने बताया कि इस कैंप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बस्ती विभाग के विभाग प्रचारक डॉक्टर अवधेश ने अभ्यर्थियों से परिचय व उनसे अनौपचारिक वार्ता की तथा उन्हें परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। सेवा के इस कार्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा के इन आने वाले अभ्यर्थियों के लिए विशेष चिंता की।

प्रधानाचार्य गोविंद सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का ऐसा स्वयंसेवी संगठन है जो हमेशा देश,समाज की सेवा के अनेक कार्य करता है। इसी क्रम में यह व्यवस्था चल रही है। उन्होंने आगे बताया कि इस शिविर में दूरदराज से आने वाले ऐसे अभ्यर्थी शामिल हैं, जिनके रुकने की व्यवस्था बस्ती में नही है अतः इसी क्रम में पहले दिन 94, दूसरे दिन 98 और तीसरे दिन 84 परीक्षार्थी विद्यालय में रुके थे। यह क्रम 31 अगस्त तक चलता रहेगा। शिविर में ठहरने वाले अभ्यर्थियों ने भी इस व्यवस्था की बहुत सराहना की।

# पीएम मोदी ने लखपति दीदियों को किया सम्मानित



जलगांव (आभा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचकर –लखपति दीदी सम्मेलन' में भाग लिया। इस सम्मलेन में 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और साथ ही उन्होंने कई 'लखपति दीदियों' से बातचीत की। इसके अलावा पीएम ने 2,500 करोड़ रुपये का एक रिवॉल्विंग फंड भी जारी किया, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ होगा।

लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज यहां लखपति दीदी का महासम्मेलन हो रहा है। मेरी बहनें यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। आज यहां से देशभर के लाखों सखी मंडलों के लिए 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की गई है। मेरी सभी माताओं–बहनों को बहुत–बहुत शुभेच्छा।' उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में माताओं–बहनों के लिए, नौजवानों और किसानों के लिए एक से बढ़कर एक स्कीम्स, नई–नई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लखपति दीदी बनाने का ये अभियान, सिर्फ बहनों–बेटियों की कमाई बढ़ाने का ही अभियान नहीं है। ये पूरे परिवार को, आने वाली पीढ़ियों को सशक्त कर रही है। ये गांव के पूरे अर्थतंत्र को बदल रही हैं।

पीएम मोदी ने कहा, 'जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान आपके बीच आया था तब मैंने कहा था कि हमें 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है। बीते 10 वर्षों में एक करोड़ लखपति दीदी बनीं और बीते सिर्फ दो महीने में 11 लाख और लखपति दीदी उसमें जुड़ गईं।' उन्होंने आगे कहा कि पहले देश की करोड़ों बहनों के नाम पर कोई प्रॉपर्टी नहीं होती थी। अगर उन्हें बैंक से लोन लेना होता था तो उनको मिल ही नहीं सकता था। ऐसे में वो कोई भी छोटा–मोटा काम करना चाहे तो चाहकर भी नहीं कर पाती थीं। इसलिए आपके इस भाई ने, आपके बेटे ने एक संकल्प लिया। मैंने तय किया कि कुछ भी हो जाए–मेरे देश की माताओं, बहनों और बेटियों की हर मुश्किल को कम करके ही रहूंगा। इसलिए मोदी सरकार ने एक के बाद एक महिला हित में निर्णय लिए।

अपनी पोलैंड यात्रा का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने महाराष्ट्र की जनता से कहा, 'पोलैंड के लोग, महाराष्ट्र के लोगों का बहुत सम्मान करते हैं। वहां की राजधानी में एक कोल्हापुर मेमोरियल है। पोलैंड के लोगों ने ये मेमोरियल, कोल्हापुर के लोगों की सेवा और सत्कार की भावना को सम्मान देने के लिए बनाया है। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान, पोलैंड की हजारों माताओं और बच्चों को कोल्हापुर के राज परिवार ने शरण दी थी।' विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैं आज चुनौती देता हूं– पहले की सरकारों के सात दशक एक तरफ रख लीजिए और दूसरे तराजू में मोदी सरकार के 10 साल रख लीजिए, जितना काम मोदी सरकार ने देश के बहन–बेटियों के लिया किया है, वो आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया है।

# सभी थानों और जेलों में भी मनेगी जन्माष्टमी



लखनऊ (आभा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पुलिस अफसरों को निर्देश जारी किए हैं। सीएम योगी ने कहा, जन्माष्टमी पर्व से पहले सभी रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव मनाएंगे। सीएम योगी ने कहा जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में घरों और मंदिरों के साथ–साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। योगी ने प्रदेशभर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रूप से करने के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए हैं।

योगी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं धूम–धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश–विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

मथुरा नगर में स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यन्त संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं पुलिस बल का समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये गये हैं। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पूजा–अर्चना, शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने, इसको लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों पर झांकियों को सजाने, शोभायात्रा के मार्ग को लेकर अक्सर विवाद देखने को मिलते हैं। इसके लिए उन्होंने सतर्कता बरतने की हिदायत दी है।


# बस्ती में कड़ी सुरक्षा में 12 केन्द्रों पर हुई पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जिले के 12 केंद्रों पर रविवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शुरू हुई। शनिवार दो पॉलियों में कुल 2093 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी। आला अधिकारी सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने में जुटे रहे। जिले में परीक्षा 31 अगस्त तक चलेगी। सुबह सात बजे से ही परीक्षा केन्द्रों पर विभिन्न जनपदों से आए अभ्यर्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह आठ बजे तक केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की कतार लगनी शुरू हो गई। त्रिस्तरीय चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश मिला। पहली पॉली में सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। इसमें कुल 4176 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इतने ही अभ्यर्थी दूसरी पॉली के लिए भी पंजीकृत हैं। जिले में अभी 30 और 31 अगस्त को भी परीक्षाएं होनी हैं। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए जीआईसी, जीजीआईसी, महिला पीजी कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, बेगम खैर गर्ल्स कॉलेज, एपीएन पीजी कॉलेज, शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज, जीआरएस इंटर कॉलेज, आर्यकन्या इंटर कॉलेज, श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज और श्रीमती कृष्ण कुमारी पांडेय गर्ल्स इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक दिन कुल 430 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर का शिलान्यास 26 को



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। राधाकृष्ण पुरम बरगदवा, पचमोहनी पेट्रोल पम्प सल्टौआ गोपालपुर के निकट श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर का शिलान्यास विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच किया जायेगा।

आयोजक श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने बताया कि सोमवार 26 अगस्त को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी और दोपहर 2 बजे भूमि पूजन के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर का शिलान्यास होगा। सायं 5 बजे भजन संध्या के साथ रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव सम्पन्न होगा। बसन्त चौधरी ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण क्षेत्रीय जनता के सहयोग से किया जायेगा। बताया कि स्वामी नरायन छपिया जाकर उन्होने संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें कार्यक्रम के लिये आमंत्रित किया गया है।

# हिस्ट्रीशीटर कृष्णानन्द की हरकतों से दहशत में हैं मुहल्ले को लोगः पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराना डाकखाना निवासिनी शीला गुप्ता पत्नी ब्रम्हानन्द गुप्ता ने शहर कोतवाल और पुलिस उच्चाधिकारियों को पत्र देकर हिस्ट्रीशीटर कृष्णानन्द पुत्र रामशंकर गुप्ता के आपराधिक गतिविधियों, आये दिन मुहल्ला वासियो को परेशान करने, धमकियां देने के मामले में कड़ी कार्रवाई किये जाने का आग्रह किया है।

पत्र में शीला गुप्ता ने कहा है कि उनके घर के बगल रहने वाला कृष्णानन्द शातिर अपराधी है और उस पर कई गंभीर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। जमानत पर छूट कर आने के बाद वह पुनः लोगों को धमकी देने, आतंकित कर परेशान करता है। लोगों को आशंका बनी रहती है कि वह कोई भी कदम उठा सकते हैं और कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। शीला ने मांग किया है कि पुलिस शातिर अपराधी कृष्णानन्द के गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के साथ ही उसे कड़ी चेतावनी भी दे कि मुहल्ले में लोगों को धमकाना बंद करे।

# प्रसूता की मौत से आक्रोश



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बनकटी (बस्ती)। लालगंज थाना क्षेत्र के पी एच सी बनकटी के अस्पताल परिसर में एक प्रसूता का शव रखकर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वजनों समेत ग्रामीणों ने देर रात तक जमकर हंगामा किया तथा आरोपी स्वास्थ्य कर्मी के विरूद्ध कार्यवाही की माँग करने लगे। सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे लालगंज थाना प्रभारी सुनील कुमार गौड़ ने काफी देर तक मान मनौव्वल के बाद समझा बुझाकर मामला शांत कराते हुए शव का पंचनामा भरकर कब्जे में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के खरवनिया निवासी इन्द्रजीत की 27 वर्षीय बेटी सुमन की शादी संतकबीर नगर जनपद के दुधारा थानान्तर्गत पेस्टोरवा गाँव निवासी हीरा लाल से हुई थी।सुमन कुछ दिन पहले अपने मायके चली आई थी जहां उसे शनिवार की शाम करीब 4 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई और उन्होंने घर पर ही एक बेटी को जन्म दिया शाम करीब 5.30 बजे रक्तस्राव न रुकने से स्वजन पीएचसी बनकटी ले आए हालत गंभीर देख महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार के बाद ओपेक चिकित्सालय कैली रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही पूनम की मौत हो गई। स्वजन मृतका के शव को वापस लेकर पीएचसी बनकटी पहुँच गए और परिसर में शव रखकर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे।मृतका अपने पीछे 3 वर्षीय मासूम बेटी सृष्टि व इस नवजात बच्ची को अकेला छोड़ गयी।

# नेहरू युवा केन्द के शिविर में 11 ने किया रक्तदान




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रविवार को नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नानक नगर पचपेड़िया स्थित बस्ती चेरीटेबल ब्लड बैंक में पहुंचकर नेहरू युवा केन्द्र के 11 लोगों ने रक्तदान किया।

जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा रक्तदान हेतु युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह शिविर लगाया गया। कहा कि रक्तदान के द्वारा हम दूसरे का जीवन बचाने में योगदान कर सकते हैं। इससे शरीर पर कोई दुष्प्रभाव भी नही पड़ता। उन्होने नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े युवाओं का आवाहन किया कि वे रक्तदान शिविरो में बढ चढ कर योगदान करें। यह महादान है। शिविर को संचालित कराने में शुभम पंत, ओम प्रकाश मिश्र आदि ने योगदान दिया।

# भाजपा की कार्यशाला में दिया सभी बूथों पर 500 सदस्य बनाने का लक्ष्य




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान की कार्यशाला हनुमानगंज मण्डल अध्यक्ष राकेश उपाध्याय के नेतृत्व में रविवार को रूधौली विकास खण्ड क्षेत्र के रतनपुरवा चौराहे पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सत्येन्द्र सिंह ' भोलू ' रहे।

उन्होने सभी कार्यकर्ताओ से आग्रह किया कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा 1 सितम्बर से शुरू होने वाले सदस्य के उत्सव कार्यक्रम मे बढ़ चढ कर हिस्सा लें। मण्डल के सभी 69 बूथों पर प्रत्येक बूथ पर 500 सदस्य बनाकर पूरे मण्डल मे 34,500 नए सदस्य बनाये। कहा कि मजबूत संगठन के लिये सदस्य अनिवार्य अंग है। कार्यशाला में अध्यक्षता करते हुए मण्डल अध्यक्ष राकेश उपाध्याय ने कहा कि

### -मजबूत संगठन के लिये सदस्य अनिवार्य अंग- सत्येन्द्र सिंह भोलू

हनुमानगंज मण्डल में सदस्यता अभियान मे जनपद मे प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। बैठक के उपरांत उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना। संचालन सुधाकर सिंह ने किया।

बैठक में गिरीश चन्द्र सिंह, सुनील पाण्डेय, सुभाष सिंह, रणविजय तिवारी, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, लवकुश यादव, राजेंद्र पाण्डेय, नरेन्द्र दूबे, प्रदीप मिश्रा, रविन्द्र सिंह, राम किशोर, नरेन्द्र सिंह, सालिक राम प्रजापति, अजीत प्रताप सिंह, संतोष गौड, कृष्ण चन्द्र, देशराज, अमित मिश्रा, नंदू दूबे, दिनेश उपाध्याय, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जयन्ती पर समाजवादियों ने बी.पी. मण्डल को याद किया: योगदान पर विमर्श



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष बी.पी.मंडल को उनकी जयंती पर याद किया गया। सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान पर विमर्श किया। सपा विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बीपी मंडल को इतिहास में पिछड़ा वर्ग के नायक के रूप में याद किया जाता है। पिछड़ा वर्ग को आजादी के करीब पांच दशक बाद मंडल आयोग की सिफारिश लागू होने से अधिकार मिला लेकिन सामाजिक न्याय को पूरी तरह से जमीन पर उतारने के लिए उनकी दूसरी कई सिफारिशों को लागू करना जरूरी है। इसके लिये समाजवादी निरन्तर संघर्षरत है।

विधायक कविन्द्र चौधरी अतुल, सपा के वरिष्ठ नेता चन्द्रभूषण मिश्र, समीर चौधरी, जावेद पिण्डारी, आर.डी. निषाद, जमील अहमद, मोहम्मद सलीम, मो. स्वालेह, अरविन्द सोनकर, प्रशान्त यादव आदि ने कहा कि बी.पी. मण्डल बहुसंख्यकों के मसीहा और पिछड़ों की आवाज थे, वे समाज में व्याप्त ऊंच–नीच और गैर

### –इतिहास में पिछड़ा वर्ग के नायक हैं बी.पी. मण्डल–महेन्द्रनाथ यादव

बराबरी को समाप्त करने के पक्षधर थे। उनके द्वारा पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए किया गया कार्य आज भी प्रासंगिक है। पिछड़े वर्ग से आने वाले युवा उन्हें एक नायक की तरह हमेशा याद करते रहेंगे। मंडल कमीशन वही कमीशन है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर केंद्र की नौकरियों में पिछड़े वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित हुआ। उन्हें पिछड़ा वर्ग के नायक के तौर पर याद किया जाता है, जिनकी सिफारिशों ने वंचितों को मुख्यधारा में लाने में बड़ा काम किया। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी बी.पी. मण्डल के भावनाओं के अनुरूप सामाजिक विषमता दूर करने की दिशा में निरन्तर सक्रिय है।

बी.पी.मंडल को उनकी जयंती पर नमन् करने वालों में मुख्य रूप से रामशंकर निराला, दाउद, बलवंत, चीनी चौधरी, अखिलेश यादव, राम सनेही, रामचन्द्र यादव, अवधेश सोनकर, कैश मोहम्मद, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, प्रभाकर वर्मा, मो. आमिश, मो. हारिश, गौरीशंकर के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फातिमा हॉस्पिटल में एक गर्भवती महिला की बच्चेदानी निकालने के मामले में नया मोड़

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शहर के कटरा–पतेलवा स्थित फातिमा हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी सेंटर में गर्भवती की बच्चेदानी निकाल देने के मामले में अस्पताल का नया कारनामा सामने आया है। यहां जिस सर्जन की डिग्री लगी हुई है, उसके इतर दूसरे डॉक्टर ने महिला का ऑपरेशन कर देने का मामला सामने आया है। इसको लेकर जांच फिर से उलझ गई है। जांच टीम में शामिल चिकित्सकों का अब मत्था चकरा रहा है।

सीएमओ कार्यालय के अनुसार अस्पताल के संचालक की ओर से दिए गए जवाब में स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। जिस सर्जन डॉ. महबूब आलम का ऑपरेशन करने का उल्लेख है वह अस्पताल के नहीं हैं। ऐसे में सीएमओ ने पुनः संचालक




### –अभिलेखों में सर्जन कोई और दूसरे डॉक्टर ने कर दिया था ऑपरेशन.?

शाहिद से यह जवाब मांगा है कि क्या डॉ. महबूब आलम महिला के ऑपरेशन के लिए योग्य हैं, यह स्पष्ट कर जवाब दें। किन परिस्थितियों में ऐसा किया गया। पीड़ित के बयान के अनुसार क्या अनुपालन हुआ था कि नहीं।

इन सभी बिंदुओं पर पुनःजवाब मांगा गया है। गनेशपुर के मेवालाल ने सीएमओ को पत्र देकर कहा था कि पत्नी रीता को आशा कार्यकर्ता की सलाह पर फातिमा हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी सेंटर ले गए थे। आरोप है कि वहां डॉक्टर ने ऑपरेशन कर मृत बच्चे को बाहर तो निकाला, साथ ही बच्चेदानी भी निकाल दिए। जब उन्हें जानकारी हुई तो वह सीएमओ से शिकायत किए। इस पर सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ डॉ. रणजीत सिंह, जनरल सर्जन डॉ. सुनील तिवारी और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति त्रिपाठी की टीम गठित कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी थी। बहरहाल यह मामला उलझता जा रहा है।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स

दैनिक भारतीय बस्ती

बस्ती 26 अगस्त 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

### श्रीकृष्ण का संदेश

श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव प्रति वर्ष यह संदेश लेकर आता है की जीवन में चाहे कितनी कठिन परिस्थितियां आये अपनी मुस्कुराहट बनाये रखिये। ग्वाल बालों के साथ गाय चराते हुये वे जितने सहज हैं युद्ध के मैदान में उतने ही कूटनीतिज्ञ। श्रीकृष्ण का पूरा जीवनकाल संघर्षो से घिरा रहा किन्तु वे हारे नहीं और विपरीत परिस्थितियों में विजय प्राप्त किया। जब हम खुद को अर्जुन की तरह संशयों में घिरा पाते हैं, तब हमें योगेश्वर श्रीकृष्ण की वाणी ही उससे निकाल पाती है। उन्होंने जन्म ही मनुष्य को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने के लिए लिया था। कृष्ण का जन्म पृथ्वी पर हो रहे अनाचार–अत्याचार को खत्म करने के लिए हुआ था। उन्होंने युद्ध के मैदान में अर्जुन को जो उपदेश दिए, वे आज भी एक संशयग्रस्त मानव के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। मनुष्य को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का कार्य उनका योगेश्वर रूप करता है। स्वयं भगवान ने अपने श्रीमुख से योगशास्त्र की प्रशंसा की है। वेद, पुराण तथा दर्शन के ग्रंथों में योग–विज्ञान का विस्तार से वर्णन है। योगशास्त्र एक ऐसा साधन है, जो मनुष्य को दिव्य शक्तियों से संपन्न कर सकता है। योग–साधना के कारण ही ऋषि–मुनियों को अपार शक्ति प्राप्त हुई थी। लीला–पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ने बचपन से लेकर गोलोक गमन तक ऐसी अद्भुत लीलाएं कीं कि सबने एक स्वर से उन्हें योगेश्वर कहा। मान्यता है कि देवता भी योगेश्वर श्रीकृष्ण की लीलाओं का संपूर्ण रहस्य नहीं जान पाए। संसार को योग का मर्म समझाने के उद्देश्य से ही श्रीकृष्ण ने पांडवों और कौरवों के युद्ध से पूर्व संशयग्रस्त अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता रूपी योगामृत देकर संपूर्ण विश्व के समक्ष योगशास्त्र का सार रख दिया। गीता आज भी हर इंसान की पथ–प्रदर्शक बनी हुई है। गीता को योगेश्वर की वाणी कहा जाता है।

योगेश्वर श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निकली श्रीमद्भगवद्गीता में योगशास्त्र के मंथन से उत्पन्न योगामृत 18 अध्यायों में विभक्त हैं। प्रत्येक अध्याय का नाम योग पर आधारित है। जैसे, प्रथम अध्याय का नाम अर्जुन–विषाद योग है। इसी प्रकार क्रमशरू सांख्य योग, कर्मयोग, ज्ञानकर्म–संन्यास योग, कर्म संन्यास योग, आत्मसंयम योग, ज्ञान–विज्ञान योग, राजविद्या राजगुच् योग, विभूतियोग, विश्वरूपदर्शन योग, भक्तियोग, क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभाग योग, गुणत्रयविभाग योग, पुरुषोत्तम योग, देवासुर संपद्विभाग योग, श्रद्धात्रयविभाग योग तथा मोक्षसंन्यास योग अध्यायों के नाम हैं। गीता के 18 अध्यायों में जितने प्रकार के योग बताए गए हैं, उनमें से कोई भी योग अपनाकर मनुष्य आत्मकल्याण कर सकता है।

योगी जिस ईश्वर का ध्यान करते हैं, जिन्हें पाने के लिए कठोर तप करते हैं, वे योगेश्वर श्रीकृष्ण ही हैं। ऋषि–मुनि और योगी ही नहीं, मान्यता है कि त्रिदेव अर्थात ब्रम्हा, विष्णु और महेश भी उनका साक्षात्कार पाने के लिए उत्सुक रहते हैं। तभी तो श्रीमद्भागवत महापुराण कहता है – कृष्णस्तु भगवान स्वयम्। अर्थात श्रीकृष्ण साक्षात भगवान हैं। यानी योगेश्वर श्रीकृष्ण भगवान का अवतार नहीं, वरन स्वयं भगवान ही हैं। संस्कृत के सुप्रसिद्ध कवि जयदेव ने अपने काव्य गीतगोविंद में दशावतारों का वर्णन करते हुए उन सबको भगवान श्रीकृष्ण का ही अवतार माना है।

अर्थात जहां योगेश्वर श्रीकृष्ण हैं और जहां गांडीव धनुर्धारी अर्जुन है, वहीं पर श्री, विजय, विभूति और धर्म है। श्लोक में यह बात संजय ने धृतराष्ट्र को गीता के अंत में कही है। यह सत्य भी है, क्योंकि आज भी वैसी संशयात्मक परिस्थितियां हर मनुष्य के जीवन में आती हैं, जब वह कोई निर्णय नहीं ले पाता है। उसके अज्ञान का निवारण करके उसे ज्ञान का प्रकाश देने का काम योगेश्वर की वाणी करती है।

हमें अर्जुन के समान योगेश्वर कृष्ण के दिखाए पथ पर चलने का संकल्प लेना होगा, तभी योगेश्वर की जयंती मनाना सार्थक सिद्ध हो सकेगा। योगेश्वर श्रीकृष्ण के उपदेश आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने द्वापरयुग में थे। उनके जीवन संघर्षो से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। श्रीकृष्ण हमें जीवन को जीना सिखाते हैं।

# सभी पुरूष देवता नहीं होते

–अमनजोत कौर रामूवालिया–



पिछले दिनों हुई कई गैंग रेप की घटनाएं देश के लिए दर्दनाक और शर्मनाक घटनाएं हैं। बंगाल में गैंग रेप की घटना इतनी भयानक है कि रूह कांप जाती है, महिला होने से भी डर लगता है। पूरा देश त्राहि–त्राहि कर रहा है। पी.जी.आई. चंडीगढ़ और देशभर में डाक्टर और नर्स सभी डरे हुए हैं। दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक लड़की के साथ 6 लोगों द्वारा सामूहिक बलात्कार और हत्या के निर्भया मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना के बाद भी ऐसे जघन्य अपराध के लिए मौत की सजा का सख्त प्रावधान किया गया। लेकिन यह देश का दुर्भाग्य है कि बलात्कार जैसी घटनाओं के खिलाफ फांसी की सजा के प्रावधान के बावजूद न केवल देश में महिलाओं के खिलाफ आपराधिक आंकड़े बढ़े हैं, बल्कि बलात्कार और हत्या जैसी घटनाओं में भी कोई कमी नहीं आई है।

ऐसी घटनाओं के लिए सिर्फ राजनीतिक दलों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। करीब 90 फीसदी समाज में हमारा समाज, सामाजिक ढांचा आज भी पुरुषों को ज्यादा प्राथमिकता देता है। हमारे समाज की इसी भावना ने हमें बहुत बर्बाद किया है। महिलाओं और बेटियों को नीचा दिखाना और पुरुषों को समाज का अधिक महत्वपूर्ण सदस्य माना जाता है। 58 साल की उम्र में भी मैं इस भावना से ग्रस्त रहती हूं और सोचती हूं कि समाज की महिलाओं को यह हर दिन होता होगा। मेरी इकलौती बच्ची भी डाक्टर है, जब वह रात में ड्यूटी पर जाती थी तो मुझे और मेरे पति को नींद नहीं आती थी। हम रात 2 बजे भी उसका हालचाल पूछने अस्पताल जाते थे। मैं समझती हूं कि सभी माता–पिता हमारी तरह चिंतित होंगे कि उनकी बेटी जो लगातार 19–19 घंटे पढ़ाई करती है और लोगों की सेवा करने का जज्बा रखती है, उसकी सुरक्षा तो बनती है। दरअसल, घर में पैदा होने वाले लड़के को हम कुछ नहीं सिखाते, बस पुरुष होने से ही वह घर का प्रमुख बन जाता है। एक बच्चे के रूप में, वह अपनी बहनों से लेकर अपनी मां तक वह शासन करता है और जब वह बड़ा होता है, तो वह अपनी पत्नी और बच्चों की सारी पारिवारिक संपत्ति का मालिक बन जाता है।


हमारी शिक्षा प्रणाली में बड़े सुधारों की जरूरत है। हमारी शिक्षा व्यवस्था में समाज में सोच–विचार के बारे में कुछ भी नहीं सिखाया जाता, जो लड़की समानता के अधिकार के लिए लड़ती है, वह लड़ती–लड़ती औरत बन जाती है। क्या कभी किसी पुरुष को अपने अधिकार के लिए लडने की जरूरत पड़ी? दिमाग पर उतना ही बोझ डालो जितना सदियों से इसकी उत्पत्ति हुई है। मुझे लगता है कि इसका कारण यह है कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में अधिक शारीरिक शक्ति होती है। लेकिन मानसिक और सहनशक्ति की दृष्टि से महिलाएं पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होती हैं। एक महिला केवल शारीरिक रूप से ही पुरुष से कमजोर होती है। भले ही गुरु नानक जैसे महापुरुषों ने महिलाओं के पक्ष में कहा हो, 'सो क्यों मंदा आखिए, जित जम्मे राजन' लेकिन फिर भी हम हर क्षेत्र में काम करते हुए भी बहुत पीछे और कमजोर हैं। अगर हम भारतीय पुरुष की बात करें तो भारतीय पुरुष अपने मन में खड़ा–खड़ा ही स्त्री का बलात्कार कर दे।

जैसे–जैसे शरीर मजबूत होता जाता है,वैसे–वैसे उसकी बुद्धि और उग्रता भी बढ़ती जाती है। जब तक घरों में अच्छे संस्कार और नियम होते हैं, तब तक वे लोग अच्छे होते हैं। लेकिन जहां मार–पिटाई, गाली–गलौच और बुरे शब्द बोले जाते हैं, वहां इंसान भी पतित होकर जानवर बन जाता है। मुझे लगता है कि मुफ्त में रोटी बांटने से पहले कम से कम स्कूल में सामाजिक शिक्षा देना बहुत जरूरी है। जिसमें अभिभावकों को भी पाठ पढ़ाया जाए और जो लोग शिविर में जाते हैं या मुफ्त भोजन पाते हैं उन्हें बैठकर सामाजिक शिक्षा के बारे में एक वीडियो देखने के लिए कहा जाए। 21वीं सदी में हम दुनिया के सबसे अमीर देशों में से एक बनने जा रहे हैं। लेकिन सोच बदलना बहुत जरूरी है अक्सर बात ड्रैस पर आकर खत्म हो जाती है। मैं दुनिया के कई देशों में गई हूं और देखा है कि बुर्के में रहने वाली महिलाओं के साथ भी बलात्कार होता है। अमरीका, कनाडा या इटली जैसे देशों में सड़क पर बिकनी पहनकर चलने वाली लड़कियों को कोई तुच्छ नहीं समझता। कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करता। ब्राजील जैसे गरीब और कम पढ़े–लिखे देश में महिलाओं को पूरी आजादी है और समानता का अधिकार है।


हम जो अति धार्मिक हैं, धर्म के बड़े ठेकेदार कहलाते हैं। क्या हमारे मदरसों में कोई सामाजिक शिक्षा भी दी जाती है? बस यही सिखाया जाता है कि हमारा धर्म सबसे अच्छा है और बाकी सब काफिर हैं। महिलाओं का अपमान करना ही सिखाया जाता है। मंदिर और गुरुद्वारे सिखाते हैं कि महिलाओं को समान अधिकार हैं, जितना कि गुरु ग्रंथ साहिब और गीता महिलाओं का सम्मान करने के लिए कहते हैं, लेकिन क्या इस अवधारणा को आम जीवन में माना जाता है या नहीं? क्या आपने कभी किसी पुजारिन को किसी बड़े मंदिर में या ग्रंथी सिंहनी गुरु के घर में देखी है? मैं समाज और धर्म के ठेकेदारों से पूछना चाहती हूं कि आप, जिन्होंने पुरुष और महिला के बीच यह अंतर पैदा किया है, इसे कब बराबर होने देंगे। महिलाएं कब आगे बढ़ेंगी और समान अधिकार देंगी? अक्सर धर्म और समाज के ठेकेदार यह कहते सुने जाते हैं, 'शर्म तो आंखों में होती है' क्या यह शर्म पुरुषों के लिए नहीं है या सिर्फ महिलाओं के लिए है जिन्हें हर हाल में अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ता है?

सुझाव– हालांकि डाक्टरों की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जता चुका है, लेकिन मेरा मानना है कि ऐसे बुरे समय में देश की सरकार को एन.जी.ओ. और राजनीतिक दलों के साथ मिलकर हर गांव–शहर, हर गली–मोहल्ले में एक कार्यक्रम बनाना चाहिए। पुरुष को सख्ती से डांटना और समझाना चाहिए और उसे महिला का सम्मान करने और महिला को सुरक्षित रखने का जरिया बनाना चाहिए। छोटे पैमाने पर 'सामाजिक सुधार' अभियान चलाए जाने चाहिएं। बड़े स्तर पर काम किया जाना चाहिए। महिलाओं को बताया जाना चाहिए कि पुरुष कोई देवता नहीं है। (लेखिका भाजपा कार्यकारिणी कमेटी की सदस्य हैं।)

# संघर्ष और मनोबल के सारथी बने



–संजीव ठाकुर–



सफलता एक दिन में नहीं मिलती पर एक दिन मिलती जरूर है,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह क्षण–भंगुर भी हो सकती हैद्य इसिलए निरंतर,नियमित मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होगी और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है।जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ, जाया नहीं होती है।

वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाएद्य भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका हैद्य एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता हैद्यअसफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा हैद्य एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती हैद्य तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है।

व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैंद्य आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है। अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे–धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैंद्य वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगाद्य यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैंद्य ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है,द्य नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फार्मूला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं।

यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता हैद्य हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता हैद्य जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता हैद्य उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है। सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करेंद्य इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगा।

प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है। यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता हैद्य ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती हैद्य और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है,द्य यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जाताद्य अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता है। सामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने। आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगेद्य आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक है। यह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता हैद्य मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगीद्य मुस्कुराते हुए चेहरे के आचरण को लोग ज्यादा पसंद करते हैं अपना मित्र भी बनाना चाहेंगे।

आप जो भी कार्य करते हैं पढ़ते हैं नौकरी करते हैं, व्यवसाय या समाज सेवा करते हैं, उसके संबंध में आपके पास गहरी और संपूर्ण जानकारी होना चाहिएद्य अधूरा ज्ञान बहुत ही खतरनाक और असमंजस निर्माण करने वाला होता है और कार्य की सफलता में संदेह भी पैदा करता हैद्य क्योंकि अधूरी जानकारी आपके काम करने की प्रणाली पर सवालिया निशान लगा देती हैद्य इसमें आप फिर जवाब देने की स्थिति में भी नहीं रह पाएंगे। अधूरा ज्ञान नकारात्मक होकर आपके आत्मविश्वास को भी डगमगा देता हैद्य आप फिर उस कार्य को करने में डरने लगेगेद्य इसलिए किसी कार्य को करने के पूर्व उसके प्रति अच्छी जानकारी सम्यक रूप से होमवर्क की तरह कर ले। और सदैव कार्यों की प्राथमिकता तैयार रखें आसान एवं सरल कार्य पहले संपादित करें, जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके फिर काम के लिए आप अपनी तैयारियां पूर्ण कर सकेंगे, आपका आसान काम करने के बाद का आत्मविश्वास आपको कठिन कार्य करने के लिए उत्प्रेरित करेगा और कठिन कार्य करने में आप आसानी एवं सरलता महसूस करने लगेंगे।

# रेडियो के जरिये जेल में शिक्षा की अलख



–डॉ. वर्तिका नन्दा–

पत्रकारिता विषय में ग्रेजुएशन कर चुके अशोक कुमार 56 साल के हैं। वे इस दिशा में अपना कैरियर बनाना चाहते थे। मगर 2019 में उनकी जिंदगी की दिशा बदल गई। उन्हें जेल में आना पड़ा। फिर आने वाले कई दिन उदासी से भरे रहे। लेकिन एकाएक उनकी जिंदगी में एक और बड़ा बदलाव आया साल 2020 में, जब तिनका तिनका फाउंडेशन ने हरियाणा की जेलों में रेडियो लाने की मुहिम शुरू की। जनवरी 2021 में जिला जेल, पानीपत में हरियाणा के पहले जेल रेडियो का उद्घाटन हुआ। आज हरियाणा की 20 में से 12 जेलों में रेडियो अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुका है और इन्हीं में से एक है करनाल जेल। जिसमें 2021 से आज तक यह रेडियो हर रोज प्रसारण कर रहा है। इसी जेल में बंदी हैं– अशोक कुमार। जेल में रेडियो आया तो वे इसका हिस्सा बन गए। रेडियो जॉकी के तौर पर बोलना और रेडियो पर गाने सुनाना उनका शौक हो गया।

अशोक कुमार ने हाल ही में जेल में मुलाकघत के दौरान लेखिका को बताया, 'जेल में आने के बाद रेडियो मेरी जिंदगी का एक बड़ा सहारा बना। तिनका जेल रेडियो ने यह अहसास दिलाया कि जो पत्रकारिता जेल से बाहर मुझसे छूट गई थी, उससे एक नाता अब बन सकता है। रेडियो ने मेरी जिंदगी को मकसद दिया, मुझे एक नई पहचान और जेल में विशेष सम्मान। यह नाता अब न टूटे।'

अब अशोक जेल रेडियो पर रागिनी गाते हैं। पूरी जेल उनके गाए गानों की मुरीद हो गई गई। लेकिन गानों के अलावा जेल के रेडियो ने वहां शिक्षा के बड़े मकघसद को भी पूरा किया। करनाल जेल में इस समय करीब 2000 बंदी हैं। इनमें करीब 60 महिलाएं हैं। जेल में इग्नू की क्लास चलती हैं। कई बंदी निरक्षर से साक्षर होने की कोशिश कर रहे हैं और कई साक्षर बंदी उच्च शिक्षा के लिए फॉर्म भर चुके हैं। अब अशोक कुमार और उनके साथ दो और बंदी– वीरेंद्र और सोनिया, जब जेल रेडियो के जरिये यह घोषणा करते हैं कि उनकी क्लास का समय हो गया है तो पढ़ने वाले बंदी क्लास के लिए समय पर पहुंचने और ठीक से पढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। जेल की डिप्टी सुपरिंटेंडेंट शैलाक्षी भारद्वाज बताती हैं, 'कघरीब 90 फीसदी बंदी जेल रेडियो पर दी गयी सूचनाओं और घोषणाओं को अहमियत देते हैं। रेडियो पर जब उनका नाम पुकारा जाता है और क्लास में जब उनसे सही समय पर आग्रह किया जाता है तो वे इसे गंभीरता से लेते हैं। रेडियो पर कही जा रही बात और उनके नाम की पुकार उन्हें प्रेरित करती है।'

जेल में कई बार जो काम प्रशासन नहीं कर पाता, वह रेडियो का माइक करता है। यह सच्चाई है कि जेल की याद आमतौर पर लोगों को नहीं आती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जेल में 'इंद्रधनुष' बनाने की कोशिश न की जाए। धीरे–धीरे इन जेलों में इंद्रधनुष बन रहे हैं और उम्मीदों का सागर उफान पर है।

इस काम को कर रहा है– तिनका जेल रेडियो। जिसकी ये सारी कोशिशें स्वैच्छिक और अवैतनिक हैं। इसमें किसी तरह का कोई आर्थिक सहयोग नहीं। यह भी एक वजह है कि पूंजी की चाह रखने वाले इस तरह की मुहिम से जुड़ना नहीं चाहते लेकिन यज्ञ यानी अच्छे काम इसी तरह से संपन्न हुआ करते हैं।

(लेखिका जेलों में सुधारों की मुहिम को लेकर सक्रिय हैं।)

# मिल्कीपुर उपचुनावः सपा ने सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत को बनाया प्रत्याशी



**संवाददाता—अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी को लेकर चल रही सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए अजीत प्रसाद पर दांव लगाया है। रविवार को लखनऊ पार्टी कार्यालय पर हुई जिले के सपा नेता व कार्यकर्ताओं की बैठक में अजीत प्रसाद के प्रत्याशी बनने पर आम सहमति बनने के बाद इसकी घोषणा हुई है। सभी ने एकजुट होकर मिल्कीपुर उपचुनाव जिताने का संकल्प लिया है।

मिल्कीपुर विधायक रहे अवधेश प्रसाद के सांसद बनने के बाद इस सीट पर उपचुनाव होना है। सुरक्षित सीट पर पार्टी ने पहले से ही सांसद पुत्र अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाने के संकेत दिए थे, फिर भी दो अन्य नेता भी दावेदारी कर रहे थे। प्रत्याशी पर अंतिम निर्णय लेने के लिए रविवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लखनऊ कार्यालय पर पार्टी के सभी पूर्व विधायकों, पदाधिकारियों, बूथ व सेक्टर एजेंटों समेत लगभग 700 लोगों के साथ बैठक की और प्रत्याशी को लेकर चर्चा की। सभी से सुझाव मांगे। इस दौरान सभी ने अजीत प्रसाद के प्रत्याशी होने पर सहमति जताई तो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को आपसी मतभेद भुलाकर प्रत्याशी जिताने पर जुटने का निर्देश दिया।

जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि अजीत प्रसाद के प्रत्याशी बनने पर आम सहमति बनने के बाद बैठक में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी में किसी तरह का आपसी मतभेद नहीं है। इस सीट पर सपा की जीत सुनिश्चित है। लोकसभा चुनाव से नाराज चल रहे पूर्व विधायक आनंदसेन यादव मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं। उनके पिता व पूर्व सांसद के समय से मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र उनका गढ़ माना जाता रहा है। ऐसे में उनकी नाराजगी के बीच सपा के लिए इस सीट पर पार पाना आसान नहीं था।

इस बीच रविवार को आनंदसेन यादव भी बैठक में शामिल हुए और कई अटकलों और संभावनाओं को नकारते हुए उन्होंने भी अजीत प्रसाद का खुलकर समर्थन करते हुए चुनाव जिताने का दावा किया।

# पिछड़ा वर्ग के नायक के रूप में सदैव याद किए जाएंगे बीपी मंडल

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** सपा विधायक सैय्यदा खातून के कार्यालय पर रविवार को मंडल कमीशन की रिपोर्ट देने वाले स्व. बीपी मंडल की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में विधायक ने कहा कि स्व. बीपी मंडल को पिछड़ा वर्ग के नायक के तौर पर सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व सीएम एवं मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे स्व. बीपी मंडल ने निस्वार्थ सेवा भाव से गरीब, कमजोर व पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकारों को दिलाने वाली रिपोर्ट तैयार की थी, जो बहुत ही मुफीद साबित हुई। अजय यादव ने कहा कि अन्य पिछड़े वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण दिलाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। जिसको पिछड़ा वर्ग कभी भी भुला नहीं सकता। इस दौरान जहीर मलिक, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, सुहेल फारुकी, आफताब आलम, इरफान मिर्जा आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के भाजपा कार्यालय, विभिन्न चौराहों व गांव के बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों ने सुनीं। भाजपा कार्यालय पर महामंत्री मधुसूदन अग्रहरि के नेतृत्व में भाजपाइयों ने पीएम के मन की बात सुनी। बढ़नीचाफा कस्बे में भाजपा कार्यालय पर चेयरमैन धर्मराज वर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनीं। इस दौरान चेयरमैन कहा कि मन की बात कार्यक्रम हम सभी को बहुत कुछ जानने, समझने व सीखने का अवसर प्रदान करता है। पीएम मोदी का यह कार्यक्रम काफी प्रेरणादायक है। मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में नरेंद्र मोदी एक मात्र ऐसे पीएम हैं जो नियमित रूप से जनता के हर वर्ग से सीधा संवाद कर देश की दिशा तय कर रहे हैं। जनता से मन की बात करते हैं और जनता के मन के मुताबिक देश का संचालन करते हैं। तुरकौलिया तिवारी में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र मणि त्रिपाठी, भारतभारी में चेयरमैन चंद्र प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में पीएम के मन की बात सुनी गई।

# वेद प्रचार सप्ताह की पूर्णाहुति जन्माष्टमी को

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । आर्य समाज नई बाजार बस्ती द्वारा आयोजित सात दिवसीय वेद प्रचार सप्ताह के छठें दिन का प्रारम्भ स्वामी दयानन्द विद्यालय पर वैदिक यज्ञ से हुआ जिसमें यजमानों ने पर्यावरण शोधन के लिए आहुतियां दीं। ओम प्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति दिनांक 26अगस्त जन्माष्टमी को सुबह 8.30 बजे से होगा और सायंकालीन कार्यक्रम में योगेश्वर श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन पर चर्चा होगी। इस अवसर पर योगेश्वर श्रीकृष्ण के प्रेरक जीवन पर आधारित पुस्तक का वितरण भी किया जाएगा ।यज्ञ कराते हुए पण्डित नेम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जो शुभ कर्म है और जो श्रेष्ठ करने वाले व्यक्ति हैं उनकी रक्षा सदैव राजा को करनी चाहिए। यज्ञ ही राष्ट्र का आधार है। इसीलिए पवित्र वेद में कहा गया है कि.अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः अर्थात् यह यज्ञ सम्पूर्ण भुवन का केन्द्र बिन्दु नाभि स्थल है। यज्ञ सम्पूर्ण श्रेष्ठ कर्मों को कहते हैं। हवन को भी यज्ञ कहते हैं।आज विश्व का प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण के प्रदूषण को लेकर चिन्तित है लेकिन कोई भी समाधान नहीं हो पा रहा है। यदि यज्ञ को सरकारी स्तर पर मान्यता देकर प्रत्येक कार्यालय, विद्यालय आदि स्थानों पर प्रतिदिन अनिवार्य कर दिया जाय तो इस विकट समस्या का समाधान यथा शीघ्र हो जायेगा।




आचार्य महावीर मुमुक्षु ने कहा कि यज्ञ के व्यापक अर्थ लिये जायें तो वे सारे कार्य यज्ञ में ही समाहित हो जाते हैं जो निस्वार्थ भावना से प्राणीमात्र के कल्याण को ध्यान में रखकर किये जाते हैं। राज्य में अराजकता तभी फैलती है जब यज्ञ भावना अर्थात् मिल बाँट कर खाने की भावना को कुचल कर राक्षसी प्रवृत्तियाँ फलती फूलती हैं। जब जमाखोरी की प्रवृत्ति पनपती हजारों सुखों का ग्रास छीनकर एक व्यक्ति बैठ जाता है तब अराजकता फैलती है। सायंकालीन सभा में पण्डित नेम प्रकाश त्रिपाठी ने मधुर वैदिक भजनों से श्रोताओं को प्रेरणा दी। आचार्य महावीर मुमुक्षु ने बताया कि वेद का उपवेद आयुर्वेद है जिसमें विभिन्न प्रकार के औषधियों और पदार्थों के बारे में बताते हुए उसके उपयोग से जीवन को निरोगी और आनंदित बनाने की शिक्षा दी गई है जिससे जनकल्याण की भावना स्पष्ट झलकती है। हमें इसकी जानकारी के लिए 'महर्षि दयानंद कृत ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' का अध्ययन करना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हीरा सिंह आर्य, राजेन्द्र जायसवाल, भाजपा नेता अंकुर वर्मा, अभिषेक कुमार, संतोष कुमार, अशोक कुमार आर्य, मिथलेश देवी, रोहिणी पाण्डेय, अनिल कुमार पाण्डेय, ओंकार आर्य, अलख निरंजन आर्य, अंशुमाला बरनवाल, अनुपमा अग्रवाल, उर्मिला बरनवाल, महिमा आर्य, राम अग्रवाल, बलराम चौधरी, हरिओम, राधेश्याम आर्य, विश्वनाथ आर्य, नवल किशोर चौधरी, अजीत कुमार पाण्डेय, नितीश कुमार, उपेन्द्र शर्मा, मीरा देवी, अरुणा शर्मा, विश्वनाथ आर्य, नीलम मिश्रा, उदयभान चौधरी, परी, पुनीत राज, आशीष बरनवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# एमएमएमयूटीः सत्र शुरू होते ही 16 छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट, 15 लाख तक का पैकेज

**संवाददाता—गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सत्र 2024—15 के शुभारंभ के साथ ही प्लेसमेंट के मामले में शानदार आगाज किया है। यहां के 16 छात्र—छात्राओं को मल्टीनेशनल कंपनी हमिंग वेब में प्लेसमेंट मिला है। कम्प्यूटर साइंस, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स के इन छात्रों को 8 से 15 लाख रुपये तक का पैकेज ऑफर किया गया है। एमएमएमयूटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. वीके द्विवेदी ने बताया कि सीएस के छात्र दिव्यांश तिवारी को सर्वाधिक 15 लाख रुपये का पैकेज मिला है। सीएस के ही छात्र अभिषेक यादव को 12.5 लाख और आदित्य को 12 लाख का पैकेज मिला है। आईटी के तुषार केसरवानी और अंकित चौधरी को 11—11 लाख का, सीएस की सताक्षी निगम व आईटी के ध्रुव नारायण यादव को 10—10 लाख का, आईटी के अनुभव गुप्ता व सिद्धार्थ सिंह को 9—9 लाख का पैकेज मिला है। सीएस के शिवम गुप्ता, आकांश सिंह, प्रगति यादव, अश्वनी कुमार, राघवेन्द्र तिवारी, आईटी के आयुष शुक्ल व इलेक्ट्रॉनिक्स के अनिकेत गुप्ता को आठ—आठ लाख का पैकेज मिला है। प्लेसमेंट सेल के छात्र सचिव स्कंद त्रिपाठी ने बताया कि हमिंग वेब के लिए कुल 193 छात्र—छात्राओं ने आवेदन किया था। उम्मीद है कि कुछ अन्य छात्रों का भी चयन इस एमएनसी में होगा। एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो जेपी सैनी ने बताया कि नए सत्र के शुभारंभ के साथ ही अच्छे पैकेज पर प्लेसमेंट मिलना विश्वविद्यालय व छात्रों के लिए शुभ संकेत है। एनआईआरएफ रैंकिंग के टॉप—100 में आने के बाद विश्वास है कि इस वर्ष देश—विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियां बड़ी संख्या में प्लेसमेंट के लिए आएंगी। छात्रों को और बेहतर पैकेज पर प्लेसमेंट मिलेगा।

# पुत्रों की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** संतान की दीर्घायु एवं सुख समृद्धि की कामना को लेकर मनाया जाने वाला हलषष्ठी पर्व रविवार को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर घर के आंगन में सगरी बनाकर भगवान शिव की विशेष पूजा की व पसहर चावल का सेवन कर व्रत को पूर्ण किया। भाद्र कृष्ण षष्ठी को प्रतिवर्षानुसार मनाए जाने वाला हलषष्ठी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पूजा पाठ की तैयारी को लेकर महिलाएं सुबह से ही जुटी रहीं व बच्चों की सुख समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना को लेकर माताओं ने व्रत रखा।

हलषष्ठी के दिन को प्रमुख रूप से भगवान कार्तिकेय का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर संतानधारी महिलाएं काफी संख्या में व्रत रखीं। घरों के अलावा मंदिरों में पूजा पाठ का दौर सुबह से शाम तक चलता रहा। व्रतधारी माताओं ने घर व मंदिर के सामने सगरी का निर्माण किया जिसमें नदी, पर्वत का दृश्य भी अंकित था और पीढ़े व नंदी की विधि—विधान से पूजा—अर्चना की। पूजा के रूप में उपयोग किए जाने वाले नारियल, अगरबत्ती, कुमकुम, बंदन, चंदन, फलाहार के साथ लाई, चना, मूंग, गेहूं, अरहर, दोना पत्तल सहित सात प्रकार के अनाज चढ़ाकर शिव पंचायत की पूजा की गई। पूजा में महुआ बीज, दही, घी रखकर पूजा—अर्चना की। पूजा—अर्चना घरों के अलावा शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित अनेक स्थानों में भी चला जहां सामूहिक रूप से सैकड़ों महिलाएं एकत्रित हुईं व विधि—विधान से पूजा अर्चना कर संतान के दीर्घायु और सुख समृद्धि के लिए भगवान से मन्नतें मांगी। उस्का बाजार क्षेत्र में भी षष्ठी तिथि में व्रती महिलाओं ने पूजन के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 10.24 बजे तक विधि—विधान से पूजा किया। क्षेत्र के केवटलिया, मोगलहा, उस्का राजा, सुगही, मेहदियां आदि गांवों में महिलाएं स्नानादि करके पुत्र की मंगल कामना की।

पुत्रों की दीर्घायु व सुख—समृद्धि के उद्देश्य से रविवार को माताओं ने हलषष्ठी व्रत का उपवास किया। पारंपरिक रीति रिवाज से माताओं ने कुश का पूजन—अर्चन कर मांगलिक आशीर्वाद ग्रहण किया। डुमरियागंज में मंदिर चौराहा स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में महिलाओं की भीड़ भी देखी गई। दीपमाला, माधुरी देवी, रुबी, शशि पांडेय, रजनी, संजना, रागिनी आदि ने बताया कि इस पर्व का महत्व विशेष है। इस दिन सभी महिलाएं अपने पुत्रों के दीर्घायु और पुत्र प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं। इस पर्व में 24 घंटे में सिर्फ एक बार ही भोजन ग्रहण कर पानी पीने की मान्यता है।

क्षेत्र के नगर व ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने रविवार को हलषष्ठी निर्जला व्रत रख पुत्र के दीर्घायु व सुख—समृद्धि के लिए पूजा किया। नगर अध्यक्ष उमा अग्रवाल के साथ नगर की महिलाओं ने विधिविधान से कुश की पूजा कर और श्रीराम जानकी मंदिर में गीत गायन व पूजन किया। नगर पंचायत के शिवबाबा, गड़ाकुल, समय माता व नीबी दोहनी कारण माता मंदिर व परसा, सिसवा, पिकौरा आदि स्थानों पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

## बखिरा में वार्ता के बाद निकला नाले के निर्माण का हल

**संवाददाता—संतकबीरनगर।** जिले के बखिरा में रोके गए नाला निर्माण की समस्या का हल लोगों से वार्ता के निकाल लिया गया है। दोनों पक्षों की सहमति के बाद अब निर्माण किया जाएगा। तहसीलदार खलीलाबाद की अगुवाई में राजस्व टीम मौके पर जांच को पहुंची। नगर पंचायत बखिरा के कर्मचारी व चेयरमैन भी मौजूद रहे। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के बाद नाले का निर्माण होना तय हुआ। ज्ञात हो कि नगर पंचायत द्वारा बनाए जा रहे नाले की खुदाई में सती माता मन्दिर की नींव में सरिया व पिलर दिखने के बाद हिन्दू संगठन के विरोध के बाद खुदाई का कार्य रोक दिया गया था। इसके बाद कन्हैया कुमार निवासी लेडुआ—महुआ ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बताया था कि नगर पंचायत नाला निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई कार्य करा रहा है।

# सिपाही भर्ती परीक्षाः गोरखपुर में 11,967 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा, 37,185 हजार हुए शामिल



**संवाददाता—गोरखपुर।** सिपाही भर्ती परीक्षा में तीसरे दिन रविवार को 11,967 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दो पालियों में होने वाली परीक्षा में सुरक्षा—व्यवस्था को लेकर सुबह आठ बजे से ही पुलिस परीक्षा केंद्र के बाहर मुस्तैद हो गई। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई व सीओ कैंट अंशिका वर्मा दिनभर परीक्षा केंद्र का दौरा करने के साथ ही व्यवस्था की जानकारी लेते रहे। कंट्रोल रूम से भी से भी पल—पल की खबर ली जा रही थी। वहीं देहात क्षेत्र में एसपी दक्षिणी जितेंद्र तोमर और एसपी उत्तरी जितेंद्र श्रीवास्तव केंद्र पर जाकर जायजा लेते रहे। जिले में 55 केंद्रों पर हो रही परीक्षा में तीसरे दिन दिन 49152 महिला व पुरुष अभ्यर्थियों को प्रतिभाग करना था। दोनों पालियों में कुल 37185 अभ्यर्थी ही पहुंचे। सुरक्षा जांच के लिए सभी केंद्रों पर दो घंटे पहले ही जमावड़ा लग गया था। गेट पर प्रवेश पत्र व दस्तावेज की जांच के बाद बायोमीट्रिक कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया।

सभी परीक्षा केंद्रों पर कंट्रोल रूम बनाया गया था, जहां से कक्ष में बैठे अभ्यर्थियों के साथ ही निरीक्षक की भी निगरानी की जा रही थी। दोपहर 12 बजे पहली पाली की परीक्षा खत्म होने और अपराह्न तीन बजे से शुरू होने वाली दूसरी पाली की परीक्षा देने अभ्यर्थी केंद्र पर पहुंचे तो शहर के अधिकांश चौराहों पर थोड़ी देर के लिए भीड़ लग गई। यातायात पुलिस की मुस्तैदी से एक घंटे के भीतर स्थिति सामान्य हो गई। रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर सुबह से देर रात तक अभ्यर्थियों की भीड़ जुटी रही।

# प्राण प्रतिष्ठा बाद रामलला की पहली जन्माष्टमी, डेढ़ क्विंटल पंजीरी का भोग, 50 किलो पंचामृत से होगा अभिषेक



**संवाददाता—अयोध्या।** रामनगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रामनगरी के मठ—मंदिरों में रविवार से अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। इस बार रामलला के दरबार में भव्यता पूर्वक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारी है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली जन्माष्टमी होगी। जन्माष्टमी पर रामलला को 1.5 क्विंटल पंजीरी का भोग लगेगा। इससे पहले 50 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर की भव्य साज—सज्जा होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। रामनगरी अयोध्या में कृष्ण भक्ति का भी जोर है। यहां कई प्राचीन कृष्ण मंदिर हैं जो श्रीराम व कृष्ण की अभिन्नता के गवाह हैं। इन सभी मंदिरों में जन्माष्टमी की धूम होगी। अयोध्या में दो दिन उत्सव मनेगा। गृहस्थ परंपरा से जुड़े भक्त 26 को और उदया तिथि की मान्यता वाले मठ—मंदिरों में 27 को जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा। रामलला के दरबार में 26 अगस्त को ही जन्माष्टमी मनाने की तैयारी है। अयोध्या के गोकुल भवन, बृजमोहन कुंज, राधा बृजराज मंदिर, राज सदन स्थित राधा माधव मंदिर, गुरुधाम, इस्कान मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारियां पूरी हो गई हैं। राममंदिर निर्माण की धीमी गति ट्रस्ट के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन भी निर्माण कार्यों की समीक्षा व श्रमिकों की उपलब्धता पर चर्चा हुई। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि जून 2025 में मंदिर निर्माण पूरा करना चाहेंगे। लेकिन, मौसम की बेरुखी और त्योहारों के कारण मजदूर नहीं मिल रहे हैं। इसलिए काम में दो माह की देरी हो सकती है। मजूदरों के लिए राजस्थान के ठेकेदारों से बात हो रही है। हम प्रयास कर रहे हैं कि पत्थरों से संबंधित काम करने वाले अधिकतर श्रमिक राजस्थान में मिलते हैं।

# लखनऊ के धरने की सफलता को लेकर शिक्षामित्रों ने भरी हुंकार

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** इटवा बीआरसी में रविवार को प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की बैठक हुई। इसमें पांच सितंम्बर को लखनऊ के ईको गार्डन में संगठन के होने वाले धरने को लेकर रणनीति बनाई गई। सभी शिक्षामित्रों ने एकजुटता के साथ लखनऊ में पहुंचकर धरने को सफल बनाने की हुंकार भरी। जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत यादव ने कहा कि पांच सितंबर को लखनऊ के ईको गार्डन में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर धरना प्रदर्शन होने जा रहा है। संगठन की ओर से इस धरने में स्थायीकरण होने तक शिक्षामित्रों को समान कार्य, समान वेतन लागू कराने की प्रमुख मांग है। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में 10 हजार रुपये मानदेय पर कार्य कर रहे शिक्षामित्रों के समक्ष तमाम कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। विद्यालय में शिक्षकों की भांति कार्य करने के बाद भी अल्प मानदेय दिया जा रहा है। शिक्षामित्रों को ईएल, चिकित्सा अवकाश, प्रसूता अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। इसलिए लम्बे समय पर अवकाश लेने पर मानदेय में कटौती की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यदि इस संघर्ष के दौरान अपेक्षित सुविधाओं सहित आर्थिक मजबूती के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो संगठन और बड़ा आंदोलन करेगा। जिला उपायक्ष अब्दुर्रहमान ने कहा कि सभी एकजुट होकर जिले से बड़ी संख्या में लखनऊ के धरने में पहुंचें। इस अवसर पर अशोक मिश्र, सच्चिदानन्द सिंह, हेमंत गुप्त, रामजी मिश्र, बागेश्वरी मिश्र, श्याम बिहारी यादव, राम केशरी यादव आदि मौजूद रहे।

**मोहम्मद उमर अमजदिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय पटखौली- जनपद- बस्ती**

# आवश्यकता है

**मोहम्मद उमर अमजदिया स्नाकोत्तर महाविद्यालय ग्राम—पटखौली पोस्ट— सबदेईया कलॉ जनपद— बस्ती में सिद्धार्थ विश्व विद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से सम्बद्धता प्राप्त कला संकाय के अन्तर्गत एम. ए. में गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं बी.सी.ए. (B.C.A.) विषय में प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता अनुसार वेतनमान — यू.जी.सी. पी.एच. डी. नियमावली के अनुसार ।**

सम्पर्क—7236007111,9793130680

**कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स गोरखपुर मण्डल गोरखपुर।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज किशोर तिवारी द्वारा सचिव की हैसियत से संस्था रंजीत ग्रामोत्थान शिक्षा सेवा समिति, ग्राम ऐठीडीह, पो०— कौड़ी कोल, जनपद बस्ती (पत्रावली सं. जी—26883) के प्रबन्ध समिति की सूची पंजीकरण हेतु कार्यवाही, आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 1. मीरा देवी 2. श्रीमती बेबी 3. श्री मती भानमती 4. श्रीमती आरती देवी 5. श्री जितेन्द्र कुमार 6. श्री ओमप्रकाश 7. श्री अनिल कुमार को संस्था से निष्कासित कर दिया गया है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण—दोष के आधार पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

आज्ञा से
(बी0के0 सिंह)
सहायक रजिस्ट्रार
गोरखपुर मण्डल गोरखपुर

# घूसखोर लेखपाल दिखाने लगा पहलवानी, एंटी करप्शन टीम से पटका-पटकी, वीडियो वायरल





**संवाददाता—अम्बेडकरनगर।** एक लेखपाल घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया तो बचने के लिए पहले तो भागा फिर अचानक श्पहलवानीश दिखाने लगा। गिरफ्तार होने से पहले उसने एंटी करप्शन टीम के साथ जमकर पटका—पटकी की। पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अम्बेडकरनगर में एंटी करप्शन ने पहले भी कई कार्रवाईयां की हैं। कई लोग रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। घूसखोरी का एक नया मामला फिर सामने आया है। शनिवार को एंटी करप्शन टीम अयोध्या ने भीटी तहसील क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लेखपाल जमीन पैमाइश के लिए पैसा न मिलने पर लगातार हीलाहवाली कर रहा था। लेखपाल को गिरफ्तार कर एंटी करप्शन टीम ने महरुआ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सुलतानपुर जिले के सैदपुर थाना दोस्तपुर निवासी संदीप कुमार यादव पुत्र गंगाराम यादव ने महरुआ थाना क्षेत्र के खंड़हरा में एक जमीन का बैनामा लिया था। जब वह उस पर निर्माण कार्य शुरू करने जा रहे थे तो उसी समय बगल के खातेदारों ने पहले पैमाइश करने की बात करते हुए निर्माण कार्य को रोक दिया, इसके बाद संदीप ने उपजिलाधिकारी भीटी से मुलाकात कर जमीन पैमाइश के लिए आदेश करवा लिया। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक, थानाध्यक्ष महरुआ और हल्का लेखपाल को मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाइश करने का आदेश जुलाईमें ही दिया था।

आरोप है कि लेखपाल बिना पैसा लिए पैमाईश करने के लिए तैयार नहीं था। इसके बाद पीड़ित संदीप यादव ने सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यमणि यादव के माध्यम से इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन से करते हुए लेखपाल को ट्रैप करने की मांग की। लेखपाल जितेंद्र कुमार वर्मा को पकड़ने के लिए एंटी करप्शन अयोध्या यूनिट की टीम ने निरीक्षक राय साहब द्विवेदी के नेतृत्व में जाल बिछाया और पीड़ित संदीप यादव के माध्यम से पैसा दिलवाया। खंड़हरा के पास एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को 10 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान लेखपाल ने पकड़े जाने के बाद भागने का प्रयास किया लेकिन एंटी करप्शन के सिपाही ने दौड़ाकर पकड़ लिया। बचने के लिए लेखपाल पटका—पटकी पर उतर आया। उसने काफी जोर लगाया लेकिन अंततरू एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने उस पर काबू पाते हुए गिरफ्तार कर ही लिया। बाद में लेखपाल को लेकर टीम महरुआ थाना पहुंची। यहां पर एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार लेखपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एंटी करप्शन अयोध्या टीम के इंस्पेक्टर राय साहब द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार लेखपाल को गोरखपुर जेल भेजा जाएगा। लेखपाल को रंगे हाथों पकड़वाने में सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यमणि यादव की अहम भूमिका बताई जा रही है। इससे पहले भी सूर्यमणि यादव कई लेखपालों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को भ्रष्टाचार निवारण संगठन के मध्याम से रंगे हाथों गिरफ्तार करवा चुके हैं।

**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1—4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक—**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक—**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या—फैजाबाद कार्यालय—**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या—फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय—**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय—**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com